नाम ________________ अनुक्रमांक ________________

**XS/932**

# अर्द्ध-वार्षिक परीक्षा, 2026-27
# सामाजिक विज्ञान
# कक्षा—10

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**नोट—**प्रारम्भ के 15 मिनट विद्यार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**सामान्य निर्देश—**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्डों—खण्ड (अ) तथा खण्ड (ब) में विभाजित है।

(iii) खण्ड-'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। जिनके उत्तर ओ. एम. आर. उत्तर-पत्रक पर देने हैं।

(iv) खण्ड-'ब' 50 अंकों का है। इसमें वर्णनात्मक-I, वर्णनात्मक-II एवं मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं।

(v) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(vi) दिए गए मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

## खण्ड-'अ'
## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**(20 अंक)**

**नोट—दिए गए प्रश्न के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार OMR शीट पर अंकित कीजिए—**

1. जर्मनी के एकीकरण में किस व्यक्ति का योगदान सबसे महत्वपूर्ण रहा ? 1

UPBoardHub

(A) मेजेनिख का
(B) लुई पीटर्स का
(C) मेट्टिसनी का
(D) ओ्टोवॉन बिस्मार्क का

2. राष्ट्रवाद की प्रथम अभिव्यक्ति किस देश में हुई ? 1

(A) जर्मनी
(B) फ्रांस
(C) इंग्लैण्ड
(D) नागालैण्ड

3. चाय की खेती के लिए कौन-सी मिट्टी उपयुक्त है ? 1

(A) लाल मिट्टी
(B) पर्वतीय मिट्टी
(C) लैटेराइट मिट्टी
(D) जलोढ़ मिट्टी

4. चिपको आन्दोलन किस राज्य से सम्बन्धित है ? 1

(A) बिहार
(B) उड़ीसा
(C) उत्तराखंड
(D) उत्तर प्रदेश

5. संसदीय प्रजातंत्र की स्थापना किस देश में सर्वप्रथम हुई ? 1

(A) इटली
(B) जर्मनी
(C) फ्रांस
(D) इंग्लैण्ड

6. लोकतंत्र में न्यायपालिका की नियुक्ति कौन करता है ? 1

(A) राष्ट्रपति
(B) विधायिका
(C) संसद
(D) कार्यपालिका

7. किसी देश के विकास को निर्धारित करने का आधार है— 1

(A) स्वास्थ्य एवं शिक्षा का स्तर
(B) प्रति व्यक्ति आय
(C) व्यक्तियों की साक्षरता स्तर
(D) ये सभी

UPBoardHub

8. निम्न में से किस राज्य की प्रतिव्यक्ति आय सर्वाधिक है ? 1

(A) हरियाणा (C) राजस्थान

(B) बिहार (D) मेघालय

9. 'हिन्द स्वराज' नामक पुस्तक की रचना किसने की थी ? 1

(A) बाल गंगाधर तिलक (C) महात्मा गाँधी

(B) रवीन्द्रनाथ टैगोर (D) जवाहरलाल नेहरू

10. सत्याग्रह तो शुद्ध आत्मबल है।" यह कथन किसका है ? 1

(A) महात्मा गाँधी (C) मोतीलाल नेहरू

(B) सी. आर. दास (D) बाल गंगाधर तिलक

11. भूदान आन्दोलन निम्न में से किसके द्वारा प्रारम्भ किया गया ? 1

(A) इन्दिरा गाँधी (C) विनोबा भावे

(B) महात्मा गाँधी (D) जवाहरलाल नेहरू

12. हरा सोना निम्नलिखित में से किसे कहा जाता है ? 1

(A) हरे पेड़ (C) प्राकृतिक वनस्पति

(B) सघन झाड़ (D) घास के मैदान

13. संविधान के अनुसार भारत की राष्ट्रभाषा है— 1

(A) संस्कृत (C) हिन्दी

(B) अंग्रेजी (D) उर्दू

14. भारतीय संविधान कब लागू किया गया ? 1

(A) 5 सितम्बर

(B) 15 अगस्त

(C) 26 जनवरी

(D) 10 दिसम्बर

15. प्राथमिक क्षेत्रक में शामिल है— 1

(A) बर्तन बनाना

(B) भवन निर्माण

(C) खनन

(D) सिलाई

16. वर्ष 2017-18 में द्वितीयक क्षेत्रक में कितने प्रतिशत श्रम को रोजगार प्राप्त था ? 1

(A) 49%

(B) 11%

(C) 15%

(D) 25%

17. विश्व में आर्थिक मंदी की शुरुआत हुई— 1

(A) वर्ष 1931 में

(B) वर्ष 1929 में

(C) वर्ष 1930 में

(D) वर्ष 1932 में

18. 'नर्मदा बचाओ आन्दोलन' का सम्बन्ध है— 1

(A) सरदार सरोवर से

(B) माताटीला से

(C) रिहन्द से

(D) गंडकं से

19. मानव अधिकार दिवस कब मनाया जाता है ? 1

(A) 10 दिसम्बर

(B) 5 सितम्बर

(C) 14 नवम्बर

(D) 15 अगस्त

20. भारत में करेंसी नोट कौन जारी करता है ? 1

(A) भारत सरकार

(B) वित्त मंत्रालय

(C) भारतीय रिजर्व बैंक

(D) एस. बी. आई.

UPBoardHub

# खण्ड-ब

# वर्णनात्मक प्रश्न-1

**(उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए)** **(50 अंक)**

21. महात्मा गाँधी ने राष्ट्रीय स्वाधीनता संग्राम में सत्याग्रह एवं अहिंसा का किस प्रकार प्रयोग किया ? 4

अथवा

प्रथम विश्वयुद्ध के विनाशकारी परिणामों पर चर्चा कीजिए।

22. "संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग ने अनेक समस्याएँ पैदा कर दी हैं।" समीक्षा कीजिए। 4

अथवा

जैव-विविधता क्या है ? यह हमारे लिए क्यों महत्वपूर्ण है ?

23. भारत में स्थानीय शासन के वित्तीय स्रोतों एवं प्रभावों का उल्लेख कीजिए। 4

अथवा

लैंगिक असमानता को दूर करने के लिए किन्हीं तीन उपायों का वर्णन कीजिए।

24. राष्ट्रीय आय में वृद्धि के तीन उपाय लिखिए। 4

अथवा

भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में उद्योगों के किन्हीं तीन योगदानां की विवेचना कीजिए।

# वर्णनात्मक प्रश्न-2

**(उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए)**

UPBoardHub

25. नेपोलियन कौन था ? उसके सुधार क्या थे ? उसके सुधारों का क्या प्रभाव था ? 6

अथवा

महात्मा गाँधी द्वारा चलाये गये असहयोग आन्दोलन का क्या अर्थ है ? इस आन्दोलन के शुरू होने का क्या कारण थे ?

26. मिट्टी से आप क्या समझते हैं ? भारत की प्रमुख मृदा के प्रकारों का वर्णन कीजिए। 6

अथवा

बागबानी फसलें क्या होती हैं ? भारत में बागबानी की खेती कहाँ-कहाँ होती है ?

27. भारतीय संघवाद एक अर्द्धसंघीय ढाँचा है। इसकी पुष्टि में किन्हीं तीन कारकों का उल्लेख कीजिए। 6

अथवा

जातिवाद क्या है ? भारतीय लोकतंत्र में इसकी क्या भूमिका है ?

28. मानव विकास का क्या अर्थ है ? मानव विकास के घटकों का वर्णन कीजिए। 6

अथवा

असंगठित क्षेत्रक में श्रमिकों की समस्याओं का वर्णन कीजिए।

29. (क) निम्नलिखित स्थानों को भारत के रेखा-मानचित्र में चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम व सही अंकन हेतु $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$ निर्धारित हैं— 3

UPBoardHub

(i) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ था। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान जहाँ से गाँधीजी ने नमक कानून तोड़ना प्रारम्भ किया। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) वह स्थान जहाँ चौरी-चौरा कांड करने वाले किसानों ने आन्दोलन किया था। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ सूती मिल श्रमिकों ने सत्याग्रह किया। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह स्थान जहाँ दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ख) दिये गये रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए। सही नाम व सही अंकन हेतु $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$ निर्धारित हैं— 3

(i) पश्चिम बंगाल का एक उद्यान $\otimes$ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) महानदी $\sim$ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) झारखण्ड का एक कोयला क्षेत्र $\bullet$ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) नर्मदा नदी पर बना बाँध $\ominus$ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) भारत के पूर्वी तट पर स्थित एक पत्तन $\triangle$ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**आप UPBoardHub पर अपने Recent पेपर को भेज कर 10₹-20₹ प्रति पेपर Rewad Pa Skte h**